बीकानेर हाउस प्रबधंन समिति और भारत कला मेला के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2023 को राजस्थान के बीकानेर हाउस परसिर में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत कला मेला और बीकनेर हाउस प्रबंधन समिति के मध्य राजधानी दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर पर पियाली दास गुप्ता, कार्यक्रम निदेशक, बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति और उमा जैकेब निदेशक बाहरी संबंध एवं आउटरीच (आईएएफ) ने किये।
- बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति और भारत कला मेला का यह समझौता ज्ञापन राजस्थान की कला, संस्कृति और विरासत को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति से जोड़ेगा जो कि एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- गौरतलब है कि भारत कला मेला के साथ इस समन्वय से बीकानेर हाउस 2 फरवरी से 15 फरवरी तक भारत कला मेला के कार्यक्रमों में सहयोगी ईकाई और साथ भागीदार बनेगा।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव (समन्वय) सह मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह ने बताया कि भारत कला मेला 2023 के आगामी संस्करणों के लिये कला और सांस्कृतिक गतिविधियाँ को बढ़ावा देने हेतु बीकानेर हाउस को स्थल भागीदार और यंग कलेक्टर्स प्रोग्राम हब के रूप में स्थापित करने के लिये बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति (बीएचएमएस) भारत कला मेला के साथ सहयोग करेगा।
- भारत कला मेला के साथ यह समन्वय बीकानेर हाउस में क्यूरेटेड इवेंटस पर भविष्य के सहयोग के लिये एक पथप्रदर्शक कार्यक्रम साबित होगा तथा बीएचएमएस और आईएएफ दोनों कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में सहयोग एवं व्यापक योगदान देंगे।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय कला मेला (आईएएफ) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण एशिया में आधुनिक एवं समकालीन कला की खोज के लिये एक प्रमुख मंच के रूप में मान्यता प्राप्त है। भारत कला मेला की ओर से ओखला के (एनएससीआई) मैदान में 9 फरवरी से 12 फरवरी, 2023 तक प्रमुख कलाकारों, सहभागियों की मदद से वार्षिक चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-bikaner-house-management-committee-and-bharat-kala-mela